JAIPUR METRO

जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड

एडमिन बिल्डिंग, मेट्रो डिपो, भृगु पथ, मानसरोवर, जयपुर–302020
E-mail: pro@jaipurmetrorail.in **Phone No :** 0141-2822760

2022 / 03 / 371–**प्रेस विज्ञप्ति** **दिनांकः** 16.03.2022

जयपुर मेट्रो यात्री सेवा
18.03.2022 धुलण्डी (होली) पर
(प्रातः 06.20 बजे से दोपहर 02.10 तक) आशिंक रूप से
तथा छोटी चौपड़ स्थित कलादीर्घा पूर्णत् बंद।

जयपुर 16 मार्च। जयपुर मेट्रो पूर्व की भांति त्यौहारों एवं उत्सवों के दिनों में भी सामाजिक सरोकार पूरी तरह निभाता रहा है। इसी कड़ी में मेट्रो सेवा के संचालन में आंशिक बदलाव करते हुए 18 मार्च (धुलण्डी) के दिन प्रातः 06:20 बजे से 02:10 बजे तक मेट्रो ट्रेन की यात्री सेवाएं बन्द रहेंगी। इसके पश्चात् दोपहर 02:10 बजे से रात्री 09:20 बजे तक प्रत्येक 10 मिनट के अन्तराल में मेट्रो यात्री सेवा अनवरत संचालित की जायेगी। साथ ही छोटी चौपड़ मेट्रो स्टेशन पर स्थित जयपुर मेट्रो कलादीर्धा पर्यटकों के लिए बन्द रहेगी।

मेट्रो यात्रियों से अपील की जाती है कि धुलण्डी के दिन वे अपने मित्रों एवं रिश्तेदारों के संग मेट्रों में यात्रा का आनन्द लें। मेट्रो ट्रेन, परिसर एवं प्लेटफार्म में रंग डालने, खेलने एवं हुडदंग ना करें। यात्रा के दौरान गुलाल, रंग एवं पानी से भरी पिचकारियां–गुब्बारे एवं बोतलें ले जाने पर पूर्णता रोक रहेगी। इसके अतिरिक्त रंग से सने कपड़ों में तथा नशाधीन स्थिति में मेट्रो ट्रेन एवं परिसर में प्रवेश पूर्णतः वर्जित है।

मेट्रो रेलवे (O&M) एक्ट, 2022 के तहत् मेट्रो ट्रेनों एवं परिसरों में गंदगी करने पर न्यूनतम 200 रूपये का जुर्माना निहित है तथा नशाधीन अवस्था/कोई भी अशोभनीय व्यवहार एवं कार्य करने पर 500 रूपये के जुर्माने के साथ टिकिट जब्ती एवं ट्रेन से उतारने का भी प्रावधान है। जयपुर मेट्रो पुलिस 18 मार्च (धुलण्डी) के दिन मेट्रो परिसरों एवं ट्रेनों में सघन टिकिट चेकिंग के साथ नशाधीन स्थिति में आने वाले यात्रियों की ब्रेथलाईजर उपकरण से जाँच भी करेगी।

जयपुर मेट्रो के अध्यक्ष एवं प्रबन्धक निदेशक श्री अजिताभ शर्मा ने मेट्रो प्रशासन की और से जयपुरवासियो तथा मेट्रो यात्रियों को होली की शुमकामनाएं दी और बताया कि मेट्रो यात्री 18 मार्च (धुलण्डी) संचालन सेवा में किये गये आंशिक बदलाव को देखते हुए यातायात की असुविधा से बचें।

जनसम्पर्क अधिकारी